राष्ट्रबाण
सिवनी, शनिवार 29 मार्च 2026

# शहडोल राष्ट्रबाण

• ब्यौहारी • जयसिंघनगर • सोहागपुर • गोहपारु • बुढ़ार • जैतपुर

# खिलाड़ी और सट्टेबाज सक्रिय, ठिकाने बदलने की तैयारी के चर्चे हुई तेज

आईपीएल 2026 का रोमांच सिर्फ मैदान तक ही सीमित नहीं है। खिलाड़ियों और सट्टेबाजों की बढ़ती सि यता ने डिजिटल सट्टा बाजार को भी गर्म कर दिया है। गौरतलब हो कि खिलाड़ी और सट्टेबाज अपनी रणनीति बदलने और ठिकाने सुरक्षित रखने में व्यस्त हैं। वहीं कुछ गुर्गे तो अपने दिए हुए खाते की चिंतित में है कि कोई खाता होल्ड नहीं होगा अगर ऐसा हुआ तो कि बैंक के चक्क र और धूप कहीं उनको न संलिप्त कर दें।

## सट्टेबाजी अवैध, लेकिन नेटवर्क लगातार दे रहा चुनौती







राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल का नया सीजन शुरू होते ही मैदान के साथ-साथ सट्टा बाजार में भी हलचल तेज हो गई है। सूत्रों की माने तो अब अंक खिलाड़ी केवल अपने खेल प्रदर्शन तक सीमित नहीं हैं बल्कि सट्टेबाजी में भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मोबाइल एप्स से लेकर गुप्त बुकी नेटवर्क तक सट्टेबाजी का माहौल इस बार पहले से कहीं अधिक सक्रिय नजर आ रहा है।

### मोबाइल एप्स, डिजिटल सट्टे का नया केंद्र

जानकरों की माने तो कि कई खिलाड़ी अब मोबाइल एप्स के जरिए सट्टेबाजी में भाग ले रहे हैं। इन एप्स में उपलब्ध एनालिटिक्स और आंकड़े खिलाड़ियों को न केवल अपनी स्ट्राइक रेट, रन औसत और फॉर्म का अवलोकन करने में मदद करते हैं बल्कि संभावित मैच परिणाम का अनुमान लगाने का भी अवसर देते हैं। एक सट्टेबाज ने बताया कि खिलाड़ियों के अभ्यास रिकॉर्ड और निजी जानकारी एप पर उपलब्ध होने से बड़े दांव लगाना आसान हो गया है। ऐसे में डिजिटल प्लेटफॉर्म ने खिलाड़ियों को अपने खेल और सट्टा दोनों में सक्रिय बनाए रखा है।

### बुकी नेटवर्क, सीधे संपर्क में खिलाड़ी

सूत्रों की माने तो कुछ नामी खिलाड़ी मोबाइल एप्स के अलावा सीधे बुकी और सट्टा नेटवर्क से भी जुड़ रहे हैं। जानकरों की माने तो इस सक्रियता से नेटवर्क और ज्यादा खतरनाक और गतिशील हो गया है। सट्टेबाजी विशेषज्ञों की माने तो लीग की विश्वसनीयता इस गतिविधि से गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा खिलाड़ी लगातार अपने ठिकाने बदलने की योजना में हैं ताकि किसी भी जांच या पकड़ से बचा जा

### कानूनी कार्रवाई और संभावित जोखिम

वैसे तो में सट्टेबाजी अवैध है लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्म और गुप्त नेटवर्क इसे लगातार चुनौती दे रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियां निगरानी में लगी हैं और प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि संलिप्त पाए जाने वाले खिलाड़ी या सट्टेबाजों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जानकरों की माने तो इस तरह की गतिविधि न केवल व्यक्तिगत छवि पर असर डाल सकती है बल्कि पूरे खेल की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न खड़ा कर सकती है।

# संकल्प से समाधान शिविर में हजारों आवेदनों का त्वरित निराकरण

## लाभार्थियों को योजनाओं का किया गया वितरण

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in




केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह रहीं। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुशासन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे। संकल्प से समाधान अभियान के माध्यम से जिले में संचालित 106 योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा है। विधायक ने इस अवसर पर हितलाभार्थियों को प्रतीक स्वरूप योजनाओं का लाभ वितरित किया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कल्याणी पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### निराकरण की स्थिति

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने बताया कि जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत कुल 69,979 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68,987 का निराकरण किया गया। इसका निराकरण प्रतिशत 98.58 रहा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत, क्लस्टर, जनपद और नगरीय निकाय स्तर पर आवेदन प्राप्त कर उनका समाधान किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 44,475, नगरीय विकास एवं आवास विभाग में 6,492, राजस्व विभाग में 2,678 और लोक स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग में 2,867 आवेदनों का सफल निराकरण किया गया। अन्य विभागों में भी अधिकांश आवेदनों का समाधान किया गया।

### यह रहे उपस्थित

शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरावती कोल, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह, जनपद सदस्य लक्ष्मण गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध कोयला उत्खनन पर सन्नाटा, तीन तिकड़ी बेखौफ जारी रखे कारोबार

## गश्त और जांच के दावे फेल, माफिया अब भी सक्रिय

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



बुढ़ार थाना क्षेत्र के हड़रहा घाट और चुनहा गढ़ी में अवैध कोयला उत्खनन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार सामने आ रही शिकायतों और खुलासों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी गहराती जा रही है। हालात यह हैं कि प्रारंभिक हंगामे के बाद भी जमीन पर स्थिति लगभग जस की तस बनी हुई है।

### रात में जारी अवैध कारोबार

ग्रामीणों और सूत्रों की माने तो क्षेत्र में अब भी रात के समय अवैध उत्खनन और परिवहन का काम जारी है। अंधेरे का फायदा उठाकर मजदूरों से कोयला निकलवाया जाता है और छोटे वाहनों के जरिए इसे खपाया जा रहा है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि इस नेटवर्क पर अभी तक प्रभावी लगाम नहीं लग पाई है।

### कार्रवाई के दावे, हकीकत कमजोर

पुलिस और खनिज अमला द्वारा गश्त बढ़ाने और जांच किए जाने के दावे जरूर किए गए लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कदम केवल औपचारिकता तक सीमित हैं। न तो लगातार निगरानी दिखाई दे रही है और न ही किसी बड़े स्तर पर कार्रवाई के संकेत मिले हैं।

### तीन तिकड़ी बनी चर्चा का केंद्र

इस पूरे मामले में कथित तौर पर सक्रिय तीन लोगों की तिकड़ी राजीव, रवि और भूरा अब चर्चा के केंद्र में है। क्षेत्र में यह बात तेजी से फैल रही है कि अवैध उत्खनन के इस नेटवर्क को इन्हीं के द्वारा संचालित किया जा रहा है। हालांकि अब तक इन नामों पर पुलिस व खनिज के द्वारा कोई स्पष्ट या सख्त कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे लोगों के बीच सवाल और गहरे हो गए हैं।

### पर्यावरण और जनसुरक्षा पर खतरा

लगातार हो रही खुदाई से जमीन धंसने का खतरा बढ़ रहा है वहीं जल स्रोतों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस गतिविधि को नहीं रोका गया तो क्षेत्र में किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर जिम्मेदार विभाग कब सक्रिय होंगे। खनिज अमले और स्थानीय प्रशासन की सुस्ती को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि केवल जांच के आश्वासन से काम नहीं चलेगा बल्कि मौके पर सख्त और दिखने वाली कार्रवाई जरूरी है।

### कार्रवाई की मांग हुई तेज

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध उत्खनन में शामिल लोगों की पहचान कर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि इस संगठित नेटवर्क पर पूरी तरह रोक लग सके।फिलहाल पूरे मामले में निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं क्या वाकई दोषियों पर शिकंजा कसेगा या फिर यह मामला केवल चर्चाओं तक सीमित रह जाएगा।




# खड़ी पिकअप से टकराई बाइक, युवक की मौके पर हुई मौत

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना खटखरिया तालाब के पास हुई, जहां तेज रफ्तार बाइक सवार खड़ी पिकअप वाहन से जा टकराया।बताया गया है कि सड़क किनारे सरिया ( लोहे की छड़) से भरी एक पिकअप खड़ी थी। इसी दौरान सामने से आ रहा बाइक सवार सीधे वाहन के पिछले हिस्से में घुस गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप में लदी सरिया युवक के शरीर में जा धंसी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोग घटना देखकर सन्न रह गए। कुछ लोगों ने मदद करने की कोशिश की, लेकिन सरिया के फंसे होने के कारण युवक को निकालना बेहद कठिन हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद बाइक को पीछे खींचकर युवक को बाहर निकाला गया। इसके बाद घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अछू कोल उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 ब्यौहारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपने घर लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ।बपुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि बिना सुरक्षा उपायों के सरिया लादकर वाहन चलाने से इस तरह के हादसे बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन की मांग की है।

# गर्मी में बच्चों की सुरक्षा हेतु सिविल सर्जन ने दी आवश्यक सलाह

**शहडोल।** सिविल सर्जन जिला अस्पताल डॉ. शिल्पी सराफ ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए बच्चों की सुरक्षा के लिए अभिभावकों को आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. सराफ ने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ पिलाना बेहद जरूरी है। साथ ही बच्चों को धूप में खेलने से बचाना चाहिए और उनके शरीर को अच्छे से ढककर रखना चाहिए। यदि कोई बच्चा बेहोश हो जाए तो उसे कुछ भी खाने-पीने न दें। उन्होंने बताया कि गर्मी लगने पर बच्चे को तुरंत अंदर या छांव में लाया जाए और नल के पानी से हल्का पोंछा या छिड़काव किया जाए।

# सीवर कार्य की लापरवाही, सड़कों पर बह रहा पानी, लोगों में आक्रोश

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

जिला मुख्यालय में सीवर लाइन निर्माण कार्य के चलते शहरवासियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने स्थित जयस्तंभ चौक पर हालात और भी खराब हो गए हैं, जहां हाल ही में की गई खुदाई के कारण पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया गया है कि सीवर पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़क पर गड्ढा खोदा गया था, जिसे बाद में भर तो दिया गया लेकिन इस प्रक्रिया में पानी की लाइन टूट गई। इसके चलते रोजाना बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे न सिर्फ जल की बर्बादी हो रही है बल्कि आसपास की सड़क भी कीचड़युक्त हो गई है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित कंपनी और नगर पालिका प्रशासन से की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार बहते पानी और कीचड़ के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।मामले को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराई जाए और सड़क की स्थिति सुधारी जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# 11 हजार लोगों के लिए भंडारा, हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य रैली



राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

जिले के धनपुरी में चैत्र नवरात्रि की महानवमी के अवसर पर सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा सेवा का एक बड़ा आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल और राष्ट्रीय छात्र परिषद की स्थानीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे और शीतल पेय वितरण की व्यवस्था की गई। आयोजन के दौरान भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जवारा कलश यात्रा में शामिल महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए शरबत, फल और प्रसाद का सुव्यवस्थित वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और सेवा भावना का विशेष रूप से ध्यान रखा गया, जिसमें कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका नजर आई। कार्यक्रम का संचालन नगर के पदाधिकारियों के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कई युवाओं और स्वयंसेवकों ने मिलकर व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संभाला। आयोजन में मौजूद अतिथियों ने सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की। इस भंडारे में धनपुरी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी व्यापक बना दिया। इस मौके पर आगामी श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा और रैली निकालने की घोषणा भी की गई।आयोजकों ने बताया कि इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# लल्लू सिंह चौराहा तालाब में श्रमदान, जल संरक्षण को मिली मजबूती

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर के लल्लू सिंह चौराहा स्थित हाउसिंग बोर्ड तालाब में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन और नगर पालिका परिषद के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें नगर पालिका की टीम के साथ स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। श्रमदान के दौरान तालाब की सफाई कर जल स्रोत को संरक्षित करने का संदेश दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को अभियान को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल औपचारिक न रहकर धरातल पर प्रभावी दिखनी चाहिए, इसके लिए पर्याप्त संसाधन और जनशक्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता मित्र और स्थानीय लोगों ने मिलकर श्रमदान किया। इस दौरान सभी ने जल संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। नगर पालिका द्वारा ऐसे जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से शहर में स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।

## भक्ति और संस्कृति से सराबोर हुआ माहौल

# श्रीराम नवमी पर 'प्राकट्य पर्व' का भव्य आयोजन

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in






श्रीराम नवमी के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी पंचायती मंदिर परिसर में एक दिवसीय 'प्राकट्य पर्व' का भव्य आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक आस्था के साथ-साथ बघेलखंड की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानवता के लिए आदर्शों का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने हर भूमिका को मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाया, जो आज भी समाज को सही दिशा दिखाती है। उन्होंने लोगों से श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इसके बाद रीवा से आई लोकगायिका रीता तिवारी और उनके दल ने बघेली लोकगीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पारंपरिक गीतों के माध्यम से भगवान श्रीराम और माता जानकी के प्रति भक्ति भाव को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात खंडवा की अखण्ड सुदर्पण जन कल्याण समिति द्वारा हनुमान लीला का मंचन किया गया, जिसमें श्रीराम और हनुमान जी के जीवन प्रसंगों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में भोपाल की गायिका भारती विश्वनाथन ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग व विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पंप ऑपरेटरों के प्रशिक्षण पर जोर

**शहडोल।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने नल-जल योजनाओं के प्रभावी संचालन और संधारण को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पंप ऑपरेटरों का समुचित प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ शिवम प्रजापति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की नियमित और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पंप ऑपरेटरों का तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में मोटर और पंप सेट के सुरक्षित संचालन, विद्युत उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव, पाइपलाइन की देखरेख, लीकेज नियंत्रण और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 29 मार्च 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

# फरार आरोपी की जमीन पर शराब दुकान का निर्माण

## बालाघाट में पार्षद-रहवासियों की आपत्ति पर प्रशासन ने टीन शेड हटाया

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

बालाघाट जिले में बहुचर्चित डबल मनी प्रकरण के फरार आरोपी सोमेंद्र कंकरायने के परिवार की जमीन पर बन रहे शराब दुकान के टीन शेड को प्रशासन ने हटा दिया है। यह कार्रवाई राजस्व, पुलिस और नगरपालिका प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से की गई। यह टीन शेड लांजी के भिलाई रोड पर स्थित था। यह जमीन डबल मनी प्रकरण के फरार आरोपी सोमेंद्र कंकरायने के परिवार से संबंधित है, जिसे शासन द्वारा खरीदी-बिक्री के लिए प्रतिबंधित किया गया है। ठेकेदार बिना नगर परिषद की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के यहां शराब दुकान खोलने की तैयारी कर रहा था। क्षेत्रीय पार्षद सौरभ मोनू पशीने, पूनम शरद आसटकर और मुकेश रणदिवे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई थी। उन्होंने एसडीएम से शिकायत करते हुए तत्काल





कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत में बताया गया कि प्रस्तावित शराब दुकान के पास ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा, एक निजी पब्लिक स्कूल और लगभग 150 मीटर की दूरी पर मां गायत्री मंदिर स्थित है। वार्डवासियों ने यह भी आशंका जताई थी कि घने रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान खुलने से सामाजिक वातावरण बिगड़ सकता है, असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ सकती है और बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। शिकायतों के बाद, एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ मयूर वाहने, राजस्व अमला और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि यह लोहे का ढांचा बिना किसी वैध अनुमति के खड़ा किया जा रहा था। इसके बाद, पंचनामा कार्रवाई करते हुए अवैध टीन शेड को हटा दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी दीप सिंह परमार, नगर परिषद अमला, आरआई, पटवारी और पुलिस बल मौजूद रहे।

# जैन समाज ने निकाली अहिंसा बाइक रैली, महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव शुरू

## 31 मार्च तक चलेंगे कार्यक्रम





राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

बालाघाट में भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा और दया के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को जैन समाज ने शहर में अहिंसा बाइक रैली निकाली। इसके साथ ही भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ हो गया।

रैली को अनुराग चतुरमोहता, अतुल वैद्य, श्रेयांश वैद्य और आदित्य सेठिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति की अगुवाई में यह रैली गुलमोहर होटल से शुरू हुई और हनुमान चौक, सुभाष चौक, महावीर चौक, अहिंसा द्वार होते हुए महावीर भवन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। रैली में शामिल जैन धर्मावलंबियों ने भगवान महावीर के जयघोष किए। समिति अध्यक्ष आदित्य सेठिया ने बताया कि अहिंसा बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य भगवान महावीर के अहिंसा और दया के संदेश को आम लोगों तक पहुंचाना था।

### ये आयोजन होंगे

समिति प्रतिनिधि अनुराग चतुरमोहता ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को सर्वसमाज के साथ वॉक फॉर अहिंसा का आयोजन किया जाएगा। 30 मार्च को मुंबई के गायक कलाकार विक्की डी पारख का नया सराफा में भक्ति कॉन्सर्ट होगा। 31 मार्च को श्री पार्श्वनाथ भवन से भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा निकाली जाएगी, और इसी दिन शाम 7.30 बजे नया सराफा में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष आदित्य सेठिया, सचिव परख जैन, कोषाध्यक्ष मानव चौरड़िया सहित अन्य सदस्यों ने सभी सामाजिक और सर्वसमाज के लोगों से भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में शामिल होने का निवेदन किया है।

# पुलिस ने रेत चोरी करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

## बालाघाट में लोडर मशीन, 4 ट्रैक्टर पकड़े, महाराष्ट्र जाने की थी तैयारी



राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

बालाघाट जिले की रामपायली पुलिस ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन करने पर एक लोडर मशीन और चार ट्रैक्टर जब्त किए हैं। साथ ही इस कार्य में शामिल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिले में फिलहाल रेत खनन का कोई भी वैध ठेका नहीं है और सभी खदानें शासन के अधीन हैं, फिर भी यहां चोरी-छिपे रेत का खेल धड़ल्ले से चल रहा था। शनिवार को एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सेलवटपार और भेंडारा इलाके से बहने वाली वैनगंगा नदी में लोडर मशीन लगाकर अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है। इस रेत को ट्रैक्टरों में भरकर महाराष्ट्र ले जाने की योजना थी। सूचना मिलते ही रामपायली थाना प्रभारी दिलीप मौर्य और उनकी टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने मौके से बिना नंबर वाले वाहनों के साथ आठ लोगों को दबोच लिया।

### महाराष्ट्र और सिवनी के आरोपी गिरफ्तार

पकड़े गए आरोपियों में महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के अलग-अलग गांवों के रहने वाले नरेंद्र मेश्राम, अरविंद गजभिए, रितेश सुलाखे, अनमोल नेवारे और सिवनी निवासी नामदेव कारे सहित पालेन्द्र कुशराम, दुर्गेश भोयर और मुकेश मात्रे शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# देवगढ़ में अपनेपन के मुरीद हुए फ्रांस से आए मेहमान

## समां की खीर खाकर बोले- वेरी टेस्टी, गिफ्ट दी गुल्लक, होम स्टे बनने के बाद पहली बार देवगढ़ पहुंचे विदेशी मेहमान

राष्ट्रबाण छिंदवाड़ा | संवाददाता rashtrabaan.in

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से देवगढ़ में बने होम स्टे में फ्रांस ने आए मेहमानों का भावभीना स्वागत किया गया। तीन दिन तक रूके फ्रांसीसी मेहमानों ने होमस्टे में रूककर जाना ग्रामीण संस्कृति और कल्चर को जाना। सूदूर अंचल में बसे गांव कलकोट घूमा और भोजन के बाद समां की खीर खाकर कहा-वेरी टेस्टी। देवगढ़ में मिले अपनेपन के मुरीद होकर गए फ्रांस के मेहमानों ने कहा कि वे अपने देश के लोगों को यहां मिली बेमिसाल खातिरदारी के बारे में जरूर बताएंगे। म.प्र. टूरिज्म बोर्ड ने बैक टू विलेज संस्था के साथ मिलकर देवगढ़ गाँव के होम-स्टे को अद्भुत रूप से विकसित किया है। होम-स्टे करने वाले पर्यटक यहाँ दी जा रही बेहतरीन सुविधाओं की तारीफ करते नहीं थकते।



### पातालकोट भी देखा

मोहखेड़ ब्लाक के ऐतिहासिक व पर्यटन ग्राम देवगढ़ में रूके फ्रांसीसी विदेशी मेहमानों ने होमस्टे में रूककर पर्यटन स्थल का आनंद उठाया। तीन दिनों के यात्रा के दौरान उन्होंने एक दिन पातलाकोट में बिताया। रातेड़ व चिमटीपुर के व्यू पांइट से उन्होंने पातालकोट देखा और रास्ते में आदिवासी ग्रामीणों से बातचीत की।

### कलकोट में देखे आदिवासियों के घर

देवगढ़ भ्रमण के दौरान फ्रांसीसी मेहमानों ने सूदूर अंचल में बसे गांव कलकोट घूमा। यहां पर मवासी आदिवासियों के घरों में बनने वाले भोजन, उनके रहन-सहन व संस्कृति को समझा। विदेशी मेहमान कलकोट के घरों में देशी परिवेश में भोजन, तीज-त्योहार और कल्चर जैसे विभिन्न गतिविधियों से रूबरू हुए। इसके आलावा देशी पोषक एवं पहनावा, आदिवासियों की श्रृंगार सामाग्री भी देखी।

**मक्के की रोटी और चटनी खाई:** विदेशी मेहमानों ने यहां पर परंपरागत भोजन ही किया। मक्के की रोटी, टमाटर की चटनी, समां की खीर- उन्हें बेहद पंसर आई। इन मेहमानों ने गांव में बनी गुल्लक खरीदी और होम स्टे संचालक कविता देवीसिंह धुर्वे को भेंट की। खास बात यह रही कि विदेशी मेहमानों ने होम स्टे के साथ ही ग्रामीणों के घर जाकर भी भोजन किया।

# मनरेगा से बदली तकदीर : पारडी गांव बना विकास की मिसाल



राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

बालाघाट जिले की ग्राम पंचायत पारडी आज ग्रामीण विकास की एक प्रेरणादायक कहानी बनकर उभरी है। कभी सीमित संसाधनों और रोजगार के अभाव से जूझने वाला यह गांव अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन से नई पहचान बना रहा है। गांव की तस्वीर बदलने में मनरेगा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। योजना के तहत यहां भूमि सुधार, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और आजीविका से जुड़े कई कार्य किए गए। इन कार्यों ने न केवल गांव के प्राकृतिक संसाधनों को संजोया, बल्कि ग्रामीणों को उनके अपने गांव में ही रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए। पहले जहां ग्रामीणों को रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ता था, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। गांव में ही नियमित काम मिलने से लोगों की आय में वृद्धि हुई है और उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। खासकर छोटे और सीमांत किसानों को इसका सीधा लाभ मिला है, जिन्होंने मनरेगा से मिली सुविधाओं का उपयोग कर अपनी खेती को अधिक उत्पादक बनाया है। वृक्षारोपण और जल संरक्षण जैसे कार्यों से पारडी का पर्यावरण भी सुदृढ़ हुआ है। हरियाली बढ़ने से जहां एक ओर जल स्तर में सुधार हुआ है, वहीं दूसरी ओर गांव का वातावरण भी अधिक स्वच्छ और संतुलित बना है। गांव के हितग्राही बताते हैं कि मनरेगा ने उनके जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास दोनों दिए हैं। अब वे न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ग्राम पंचायत पारडी की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही और पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन किया जाए, तो वे ग्रामीण जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती हैं। मनरेगा ने यहां केवल रोजगार ही नहीं दिया, बल्कि लोगों के सपनों को साकार करने का माध्यम भी बना है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : कस्तूरी नाला बना स्वच्छता और जागरूकता की मिसाल

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

बालाघाट जिले के उत्तर वनमंडल अंतर्गत उत्तर उकवा वन परिक्षेत्र में स्थित कस्तूरी नाला इन दिनों स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की एक प्रेरणादायक पहल का साक्षी बन रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत यहां व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें नाले से पॉलीथिन और डिस्पोजल जैसे अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर उसे स्वच्छ बनाने का सराहनीय कार्य किया गया। यह अभियान उत्तर वनमंडल के वन मंडलाधिकारी श्री रेशम सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। उनके निर्देशन में वन विभाग की टीम ने न केवल नाले की सफाई की, बल्कि आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता का संदेश भी दिया। कस्तूरी नाला, जो कभी प्लास्टिक कचरे और गंदगी से प्रभावित हो रहा था, अब साफ-सुथरा नजर आने लगा है। इस पहल से न केवल जल स्रोत का संरक्षण हुआ है, बल्कि वन्य जीवों और आसपास के पर्यावरण को भी बड़ा लाभ मिला है। अभियान के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि पॉलीथिन और डिस्पोजल का उपयोग पर्यावरण के लिए कितना हानिकारक है और इसे कम करना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्थानीय स्तर पर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस तरह की पहलें यह दर्शाती हैं कि सामूहिक प्रयास और सही मार्गदर्शन से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव संभव हैं। कस्तूरी नाला की यह स्वच्छता अभियान न केवल एक कार्य है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की ओर एक मजबूत कदम भी है।

## 40 दिन की तपस्या की, 31 मार्च को महाआरती, 2 अप्रैल को शोभायात्रा निकलेगी

# हनुमान जयंती पर मोहित सोनी पहनेंगे 40 किलो का मुकुट

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

बालाघाट में हनुमान जयंती के मौके पर इस बार युवा साधक मोहित सोनी 40 किलो का भारी-भरकम मुकुट पहनेंगे। वे पिछले 40 दिनों से हनुमान जी की भक्ति और तपस्या में जुटे हैं। यह आयोजन शहर मं होने वाले धार्मिक महोत्सव का सबसे ख़ास हिस्सा है। बालाघाट में पिछले 9 वर्षों से हनुमान जयंती पर हनुमान जी के स्वरूप की शोभायात्रा निकालने की परंपरा है। हनुमान सेवा दल और मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर ट्रस्ट मिलकर



यह कार्यक्रम कराते हैं। हर साल हनुमान जी का रूप धरने वाले एक %महाराज% को चुना जाता है, जिन्हें 40 दिनों तक ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए कठिन साधना करनी पड़ती है। इस साल यह जिम्मेदारी मोहित सोनी को मिली है।

### 40 किलो के मुकुट के साथ किया पैदल मार्च का ट्रायल

मोहित सोनी ने अपनी 40 दिनों की साधना पूरी कर ली है। हनुमान जयंती पर वे जो मुकुट पहनेंगे, उसका वजन 40 किलो है। कार्यक्रम से पहले इसका एक ट्रायल भी किया गया, जिसमें मोहित ने यह भारी मुकुट पहनकर पैदल मार्च किया। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष यज्ञेश लालू चावड़ा ने बताया कि 23 मार्च से ही पूजा-पाठ के कार्यक्रम शुरू हो गए थे और मोहित लगातार हनुमान जी की भक्ति में लीन हैं।

### 31 मार्च को महाआरती और 2 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

आने वाले कार्यक्रमों में, 30 मार्च को मोहित सोनी शहर के सभी मंदिरों के दर्शन करेंगे और 31 मार्च को महाआरती होगी। हनुमान जयंती के दिन यानी 2 अप्रैल को मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा बैंड-बाजे, ढोल और सुंदर झांकियों के साथ पुराने श्रीराम मंदिर तक पहुंचेगी। समिति के सदस्यों ने सभी लोगों से परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 29 मार्च 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# सिवनी में नौकरी के नाम पर ठगी का खेल!

## आउटसोर्स भर्ती में लाखों की वसूली, ऑडियो वायरल, प्राइम वन ने सुपरवाइजर नियुक्त किया या लुटेरा ?

सिवनी जिले में बिजली विभाग से जुड़ी आउटसोर्स भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से मोटी रकम वसूलने का आरोप सामने आया है। एक वायरल ऑडियो ने इस पूरे खेल की परतें खोल दी हैं, जिसमें पैसे के लेन–देन और कथित सेटिंग का खुलासा हो रहा है। फिलहाल विभाग और संबंधित कंपनियों की चुप्पी ने मामले को और संदेहास्पद बना रही है।

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



**धर्मेंद्र बरमैय्या**, कथित दलाल : अनिल का वसुलर गुर्गा।



**'सुशील बरमैय्या, पीड़ित** : लुटेरों के जाल में फंस पसीने की कमाई से धोया हाथ



**अनिल डेहरवाल, सुपरवाइजर** : गरीबों को लुट कर दिखा रहा रौब!

**सिवनी** जिले में बिजली विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि आउटसोर्स भर्ती प्रक्रिया के जरिए बेरोजगार युवाओं से हजारों रुपये वसूले जा रहे हैं। इस पूरे मामले ने तब तूल पकड़ा जब एक पीड़ित युवक ने पैसे लेने का आरोप लगाते हुए शिकायत की और एक कथित ऑडियो वायरल हो गया।

जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती के लिए क्यूस, प्राइम वन और टी एंड एम जैसी कंपनियों को टेंडर दिया गया है। इन कंपनियों के माध्यम से कर्मचारियों की भर्ती की जाती है और उनसे विभाग में काम लिया जाता है। लेकिन अब आरोप लग रहे हैं कि इस भर्ती प्रक्रिया को कुछ लोगों ने कमाई का जरिया बना लिया है।

मामले में प्राइम वन कंपनी के सुपरवाइजर अनिल डेहरवाल का नाम सामने आया है। अनिल पर आरोप है कि उसने नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से 63 हजार रुपये लिए। पीड़ित सुशील बरमैय्या का कहना है कि उसे सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया था। इसी भरोसे में उसने यह रकम दी। सुशील के अनुसार, उसने यह पैसे सीधे अनिल डेहरवाल को न देकर धर्मेंद्र बरमैय्या के माध्यम से दिए थे। उसे विश्वास दिलाया गया था कि उसकी नियुक्ति बिजली विभाग में सरकारी नौकरी के रूप में होगी। लेकिन जब उसे पता चला कि यह नौकरी सरकारी नहीं बल्कि एक प्राइवेट आउटसोर्स कंपनी के तहत है, तो उसने काम छोड़ने का निर्णय लिया।

इसके बाद जब सुशील ने अपने पैसे वापस मांगे, तो उसे टालमटोल का सामना करना पड़ा। आरोप है कि संबंधित लोग उसे लगातार बहाने बनाकर घुमाते रहे और पैसे लौटाने से बचते रहे।

**ऑडियो ने खोली पोल**

इस पूरे मामले में उस वक्त बड़ा मोड़ आया जब एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इस ऑडियो में कथित तौर पर अनिल डेहरवाल का कथित दलाल बनाम गुर्गा की आवाज सुनाई दे रही है। बातचीत में वह साफ तौर पर यह कहता हुआ सुनाई देता है कि नौकरी के नाम पर लिया गया पैसा ऊपर तक बांटा जाता है। ऑडियो में यह भी दावा किया जा रहा है कि यह रकम केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसमें विभाग के कुछ अधिकारियों और कंपनी के बड़े लोगों तक हिस्सा पहुंचाया जाता है। इस ऑडियो के सामने आने के बाद पूरे मामले ने गंभीर रूप ले लिया है।

**बेरोजगारों को बनाया जा रहा निशाना**

इस घटना ने न केवल भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि बेरोजगार युवाओं के साथ हो रहे कथित शोषण को भी उजागर किया है। नौकरी की तलाश में भटक रहे युवा ऐसे झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। गौर करने वाली बात यह है कि अब तक इस मामले में न तो बिजली विभाग के अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने आया है और न ही संबंधित कंपनियों ने कोई स्पष्टीकरण दिया है। इस चुप्पी से संदेह और गहराता जा रहा है। इस मामले विभाग और कंपनी को निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी बेरोजगार युवा इस तरह की ठगी का शिकार न बने।फिलहाल यह मामला सिवनी जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। सभी की नजरें अब प्रशासन और विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर इस पूरे मामले में सच्चाई क्या है और दोषियों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

# राधदेही का रसूख : खाकी की चुप्पी या दबंगों से यारी?

## बुजुर्ग की आँखों के आंसू और पुलिस के आवेदन पर जमी धूल, क्या यही है सुशासन?

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



सत्ता की हनक और खाकी का संरक्षण जब मिल जाए, तो कानून की किताब केवल कागजों का ढेर बनकर रह जाती है। राधदेही ग्राम में जो हो रहा है, वह लोकतंत्र के चेहरे पर तमाचा है। एक 62 वर्षीय बुजुर्ग किसान किशोर मिश्रा पिछले 10 महीनों से थाने की चौखट घिस रहे हैं, लेकिन न्याय की मोटर पुलिस के रसूख वाले क्लच में फंसी हुई है।

**दबंगई का डबल इंजन और पुलिस का मौन व्रत**

शिकायत के मुताबिक, सरपंच पति शिवनंदन चंद्रवंशी का रसूख इतना भारी है कि उनके भतीजे शुभम चंद्रवंशी और साथी रोहित चंद्रवंशी के खिलाफ पुलिस की कलम तक नहीं चलती। किसान ने खुद सीसीटीवी फुटेज निकालकर पुलिस को परसादी की तरह सौंप दी, लेकिन डुंडा सिवनी पुलिस के लिए शायद वो फुटेज महज एक मनोरंजन का साधन बनकर रह गई।

सवाल यह है कि क्या सीसीटीवी फुटेज भी अब रसूखदारों के आगे अपनी गवाही बदल लेती है?

आखिर क्या मजबूरी है कि पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत भी ठंडे बस्ते में डाल दी गई?

**चोरी सिर्फ बकरियों की नहीं, कानून के विश्वास की हुई है!**: जून 15 वर्ष 2025 की उस काली रात ने केवल 15 बकरियां और एक बकरा नहीं चुराया, बल्कि उस बुजुर्ग किसान का शासन और प्रशासन पर से भरोसा भी चुरा लिया। ग्राम में चर्चा आम है कि साहब, यहाँ कानून नहीं, सरपंच पति का हुकुम चलता है। नशे के आदी आरोपियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न तो जेल का डर है और न ही पुलिस की लाठी का, क्योंकि उन्हें पता है कि उनके ऊपर खाकी का अदृश्य सुरक्षा कवच है। जब रक्षक ही भक्षक के साथ चाय की चुस्कियां लेने लगे, तो फरियादी को न्याय की उम्मीद छोड़ देनी चाहिए। यह दर्द आज राधदेही के हर उस ग्रामीण का है जो जुल्म के खिलाफ आवाज उठाना चाहता है।

**क्या हिलेगी सत्ता की कुर्सी?**

जनता अब जवाब मांग रही है। क्या थाना प्रभारी चैनसिंह उइके अपनी वर्दी की साख बचाएंगे, या फिर यह मामला भी पुरानी शिकायत की तरह रद्दी में तब्दील हो जाएगा? सूत्रों की मानें तो अब यह मामला केवल एक चोरी का नहीं रहा, बल्कि सिवनी पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न बन गया है। साहब, अब तो जागिए! इससे पहले कि जनता का सब्र टूट जाए और राधदेही का आक्रोश सड़कों पर उतर आए।

# सिवनी में दावों का तेल निकल रहा, जनता कतार में दम तोड़ रही!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**एक** तरफ प्रशासन के ऊंचे दावे हैं कि सब चंगा है, स्टॉक लबालब है और घबराने की कोई बात नहीं है। लेकिन दूसरी तरफ सिवनी की सड़कों पर उतरती ये तस्वीरें कुछ और ही स्याह दास्तां बयां कर रही हैं। यह भीड़ किसी मेले की नहीं, बल्कि अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए जद्दोजहद करते आम आदमी की बेबसी का सैलाब है।

**पेट्रोल पंप : जहां टैंक से पहले धैर्य खाली हो रहा है**

पहली तस्वीर सिवनी मुख्यालय के एक पेट्रोल पंप की है। यहां गाड़ियों की कतारें नहीं, बल्कि उम्मीदों का जाम लगा है। दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों का ऐसा हुजूम उमड़ा है कि मानो शहर का पहिया थमने वाला हो। अगर प्रशासन के पास पर्याप्त स्टॉक है, तो यह त्राहि-माम क्यों? क्या जनता का तंत्र पर से भरोसा उठ चुका है, या फिर 'पर्याप्त' शब्द की परिभाषा फाइलों और धरातल पर अलग-अलग है?

**चूल्हा जलने की आस में पसीने से तर-बतर जनता**

दूसरी तस्वीर गैस एजेंसी की है, जहां सिलेंडर पाने की होड़ में लोग



एक-दूसरे पर चढ़े जा रहे हैं। तपती धूप और पेड़ों की छांव में खड़ी यह भीड़ चीख-चीख कर पूछ रही है कि अगर स्टॉक की कमी नहीं है, तो फिर ये घंटों की प्रतीक्षा क्यों? सिलेंडर की कतार में खड़ा हर शख्स प्रशासन के दावों के गाल पर एक करारा तमाचा है।

**प्रशासन के सफेद झूठ या व्यवस्था का सिस्टम फेल?**

जब जिम्मेदार कुर्सी पर बैठकर कहते हैं कि स्टॉक पर्याप्त है, तो सड़कों पर मची यह अफरा-तफरी उनके मैनेजमेंट की कलई खोल देती है। यह भीड़ सिर्फ ईंधन या गैस के लिए नहीं है, यह भीड़ प्रशासन के प्रति व्याप्त अविश्वास का परिणाम है।

बड़ा सवाल है कि अगर डिपो भरे हैं, तो ये पाइपलाइन जनता तक पहुंचने से पहले जाम क्यों हो रही हैं? क्या प्रशासन सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ा रहा है या असल में जमीनी हकीकत से उनका नाता टूट चुका है? सिवनी की जनता आज कतारों में खड़ी होकर पूछ रही है कि साहब, आपके दावों का तेल कब तक निकलेगा?

# मुख्यमंत्री को शर्म आना चाहिए यह सरकारी हत्याएं : छिंदवाड़ा में बोले जीतू पटवारी

## , पीड़ित परिवारों से मिले, एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग

राष्ट्रबाण छिंदवाड़ा| संवाददाता rashtrabaan.in

जीतू पटवारी ने शनिवार को जिले के सड़क हादसे में प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। वे तय कार्यक्रम के अनुसार सौंसर, करेर, मुआर, झिरिया और झामटा सहित विभिन्न गांवों में पहुंचे और मृतकों के परिजनों से बातचीत कर संवेदना व्यक्त की।

मुलाकात के बाद पटवारी ने राज्य सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह हादसा केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने सीधे तौर पर मोहन यादव को घेरते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री जी को शर्म आनी चाहिए। उनके कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के कारण 10 लोगों की जान चली गई। '

पटवारी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का दौरा भी 'ईवेंट' की तरह किया गया और पीड़ित परिवारों के साथ संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई। उन्होंने कहा कि अब तक मृतकों के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए केवल 5 हजार रुपए दिए गए हैं, जबकि उचित मुआवजा नहीं मिला।

**प्रशासनिक अमले का भी दुरुपयोग किया**

जिला प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए। पटवारी ने कहा कि छिंदवाड़ा कलेक्टर भी इस पूरे मामले के लिए जिम्मेदार हैं, क्योंकि प्रशासनिक अमले का दुरुपयोग कर भीड़ जुटाई गई। उनके मुताबिक, इस भीड़ में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नल चालक और स्कूलों में भोजन बनाने वाले कर्मचारी शामिल थे, जो हादसे का शिकार हो गए।

पटवारी ने एक 17 वर्षीय बच्ची का जिक्र करते हुए कहा कि इस हादसे में उसके परिवार के सभी सदस्य खत्म हो गए, जो बेहद दुखद है। उन्होंने मांग की कि सरकार सभी मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा दे।



## छिंदवाड़ा बस हादसे में फरिश्ता बनी पुलिस का सम्मान

### :बिना जूते दौड़े जवान, 40 लोगों की बचाई जान; 113 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री के 26 मार्च 2026 के दौरे के बाद लौट रहे लाभार्थियों की बस सिमरिया के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई थी। उसी समय पीछे चल रहा पीटीएस रीवा का पुलिस बल भी मुख्यालय लौट रहा था। दुर्घटना होते ही पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए अपने वाहन रोके और मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। कई जवान बिना जूते पहने ही कांच से भरी सड़क पर दौड़ते हुए घायलों तक पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। पुलिस ने डायल-112 को सूचना देने के साथ ही खुद रेस्क्यू शुरू किया। पलटी बस को करीब तीन फीट तक उठाकर सीधा किया गया, जिससे नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला जा सका। बाद में स्थानीय पुलिस और 112 टीम के साथ मिलकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और समन्वय से करीब 40 लोगों की जान बचाई जा सकी।

# सियासी ड्रामा या दिग्विजय साहब के बोल–बच्चन?

## एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के इस्तीफे पर सस्पेंस बरकरार, क्या ठंडे बस्ते में गया साहब दिग्विजय सिंह का वचन?

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**जिले** की राजनीति में इन दिनों एक ही सवाल हर जुबान पर है कि इस्तीफा कब होगा? राषे ट्रबाण द्वारा प्रमुखता से उठाई गई एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह के इस्तीफे की मांग अब एक बड़े सियासी सस्पेंस में तब्दील हो चुकी है। हफ़्तों बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक नतीजा सिफर है, जिससे अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सब्र का बांध टूटने लगा है।

**वचनों की कसौटी पर संगठन का अनुशासन**

सूत्रों की मानें तो इस पूरे विवाद के केंद्र में बड़े नेताओं के वे वचन हैं, जो कार्यकर्ताओं को शांत करने के लिए दिए गए थे। अब गलियारों में चर्चा जोरों पर है कि क्या दिग्विजय सिंह जैसे कद्दावर नेता का अनुशासन का पाठ सिर्फ बोल-बच्चन बनकर रह गया है? जब संगठन के भीतर से ही असंतोष की ज्वाला भड़क रही हो और खुद अपनों ने ही जिलाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया हो, तो ऐसी कौन सी अदृश्य शक्ति है जो धनंजय सिंह की कुर्सी को फेविकोल की तरह चिपकाए हुए है?

# सत्ता के मद में शिक्षा का मंदिर बना भाजपा का अखाड़ा

## प्राचार्य नतमस्तक, बाबा पांडे का स्वयंभू राज!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



अजय बाबा पांडेय, भाजपा नेता : सत्ता के अहंकार में कालेज में अवैध कब्ज़ा।

क्या शिक्षा के मंदिर अब ज्ञान के बजाय राजनीति की चाशनी में डुबोए जाएंगे? सिवनी के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से जो तस्वीरें और खबरें आ रही हैं, वे किसी लोकतान्त्रिक व्यवस्था के लिए शर्मनाक हैं। आरोप है कि यहाँ नियम-कायदों को ताक पर रखकर भाजपा नेता अजय बाबा पांडे ने कॉलेज परिसर के भीतर अपना निजी चैंबर तक बना लिया है।

क्या यह मान लिया जाए कि सत्ता की हनक में अब सरकारी संस्थानों पर व्यक्तिगत कब्जा होगा? क्या सरकार हमारी है तो कानून भी हमारा होगा की तर्ज पर कॉलेज की गरिमा को रौंदा जा रहा है?

**सत्ता के आगे लाचार प्रशासन?**

हैरानी की बात तो यह है कि कॉलेज के प्राचार्य मूकदर्शक बने हुए हैं। शिक्षा जगत में चर्चा है कि क्या प्राचार्य ने बाबा पांडे के रसूख के सामने घुटने टेक दिए हैं? जिस संस्थान में छात्रों का भविष्य गढ़ा जाना चाहिए, वहां भाजपा के पन्ना प्रभारियों का स्वागत-सत्कार हो रहा है। वही पूर्व में भी एनएसयूआई ने आरोप लग रहे है कि छात्रों को चिलचिलाती धूप में बैठाकर भाजपा का गुणगान सुनने पर मजबूर किया जा रहा है, जबकि सत्ताधारी दल के नेताओं के लिए रेड कार्पेट बिछाए जा रहे हैं।

**कॉलेज परिसर या भाजपा कार्यालय?**


सवाल यह उठता है कि जब भी कॉलेज के भीतर कोई सरकारी या शैक्षणिक कार्यक्रम होता है, तो वह पलक झपकते ही भाजपा के राजनीतिक जलसे में कैसे तब्दील हो जाता है? पूर्व में भी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह और अन्य छात्र संगठनों को न केवल नजर अंदाज किया जा रहा है, बल्कि विरोध करने पर पुलिसिया ताकत का इस्तेमाल कर उनकी आवाज दबाई जा रही है।

हैरानी की बात यह है कि किस नियम के तहत एक गैर-अकादमिक व्यक्ति अजय बाबा पांडे ने कॉलेज में अपना वर्चस्व कायम किया है?

क्या कॉलेज प्रशासन अब केवल सत्ताधारी दल के एजेंट के रूप में काम करेगा? क्या शिक्षा के बजट और संसाधनों का उपयोग चुनावी प्रोपेगेंडा के लिए किया जा रहा है?

वही शिक्षा के केंद्र को राजनीति का अखाड़ा बनाना न केवल छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि प्रशासनिक नैतिकता का पतन भी है। अगर आज आवाज नहीं उठाई गई, तो कल हर कॉलेज किसी न किसी दल का प्राइवेट चैंबर बन जाएगा।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433